भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2113

(दिनांक 12.03.2025 को उत्तर के लिए)

आईएसटीएम के स्वीकृत अधिकारियों/कर्मचारियों की संख्या

2113. एडवोकेट चन्द्र शेखर :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सचिवालय प्रशिक्षण और प्रबंध संस्थान (आईएसटीएम) के अधिकारियों और कर्मचारियों की स्वीकृत संख्या का समूहवार और पदवार ब्यौरा क्या है ;

(ख) आईएसटीएम के अधिकारियों और कर्मचारियों के वर्तमान पद पर कौन व्यक्ति पदासीन है ;

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान सरकार द्वारा आईएसटीएम के लिए किए गए बजटीय आबंटनों और उपयोग का वर्षवार ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या उक्त अवधि के दौरान आईएसटीएम द्वारा बजटीय आबंटनों का वर्षवार कमतर उपयोग किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हे और इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री और प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) और (ख) : सचिवालय प्रशिक्षण और प्रबंध संस्थान (आईएसटीएम) के अधिकारियों और कर्मचारियों के संस्वीकृत संख्या बल का समूहवार, पदवार ब्यौरा तथा आईएसटीएम के अधिकारियों और कर्मचारियों की वर्तमान पदस्थ स्थिति का ब्यौरा निम्न प्रकार है :-

कार्मिक शक्ति	संस्वीकृत संख्या बल	पदस्थ	रिक्त
समूह 'क'	22	18	04
समूह 'ख' (राजपत्रित)	18	16	02
समूह 'ख' (अराजपत्रित)	12	09	03
समूह 'ग'	43	23	20
कुल	95	66	29

पदवार विवरण

संकाय पद				
क्र.सं.	**पदनाम**	**संस्वीकृत संख्याबल**	**पदस्थ**	**रिक्त पद**
1.	निदेशक	1	1	0
2.	अपर निदेशक	1	0	1
3.	संयुक्त निदेशक	04	4	0
4.	उप निदेशक	14	12	2
5.	सहायक निदेशक	8	7	1
	कुल	28	24	4
अधिक जानकारी निम्न वेबलिंक पर उपलब्ध है :- https://www.istm.gov.in/home/faculaty				

गैर-संकाय पद				
6.	उप निदेशक (राजभाषा)	1	1	0
7.	अवर सचिव	0	1	0
8.	सहायक निदेशक (राजभाषा)	1	0	1
9.	अनुभाग अधिकारी	7	6	1
10.	निजी सचिव	2	3	0
11.	सहायक पुस्तकालय सूचना अधिकारी	1	1	0
12.	सहायक अनुभाग अधिकारी	4	4	0
13.	आशुलिपिक समूह 'ग'	4	2	2
14.	आशुलिपिक समूह 'घ'	9	4	5
15.	वरिष्ठ सचिवालय सहायक	1	0	1
16.	कनिष्ठ सचिवालय सहायक	1	1	0
17.	वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी	1	1	0
18.	कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी	1	1	0
19.	प्रशिक्षण सहयोगी	1	1	0
20.	मानचित्रकार (ड्राफ्ट्समैन)	1	0	1
21.	पुस्तकालय सहायक	1	0	1
22.	प्रशिक्षण उपकरण ऑपरेटर	1	1	0
23.	स्टाफ कार चालक	3	1	2
24.	मल्टी - टास्किंग स्टॉफ	27	16	11
	कुल	67	44	25

(ग) और (घ) : आईएसटीएम ने अपने बजटीय आवंटन के अधिकतम उपयोग की दिशा में लगातार काम किया है। प्रत्येक लेखा की श्रेणी के लिए, राजस्व और पूंजी, दोनों शीर्षों के तहत निधियों का उचित उपयोग सुनिश्चित करने हेतु प्रयास किए गए है। संस्थान ने कोविड-19 महामारी के बाद निधियों का पूर्ण उपयोग करने के प्रयासों में उल्लेखनीय वृद्धि की है, जब अधिकांश प्रशिक्षण ऑफलाइन मोड में स्थानांतरित हो गए थे, जिससे व्यय पर असर पड़ा। महामारी के बाद से, व्यय की दर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और आवंटित बजट का पूर्ण उपयोग करने के लिए भरसक प्रयास किया गया है। व्यय का विवरण नीचे दिया गया है :

राशि रुपए में (हजार में)		
वर्ष	**बजट आवंटन**	**बजट उपयोग**
2019-20	323800	259212
2020-21	333810	279700
2021-22	547900	411466
2022-23	372000	243077
2023-24	335900	255184

*****